तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 वीर बाल रैली से चार साहिबज़ादों की शहादत को किया गया नमन



13 अनदेखीः प्रशासनिक लापरवाही और घटिया ...



## खबर संक्षेप

### नागरिक सहकारी बैंक का चुनाव 11 जनवरी को

**दुर्ग।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए प्रथमतः प्रत्यायुक्त सदस्यों के निर्वाचन कराए जाने रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष द्वारा विगत 22 दिसंबर को निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार 3 जनवरी को अभ्यार्थियों से नामांकन पत्र लिए जाएंगे। 4 जनवरी को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 5 जनवरी को नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी के अनुसार रविवार 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक गुर्जर क्षेत्रीय गुजराती समाज भवन मोतीपारा दुर्ग में चुनाव संपन्न होगा।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**नांदघाट।** नारायणपुर चौक में मारो रोड पर हुई मोटर सायकल दुर्घटना में चंद्रखुरी निवासी युवक बुरी तरह से घायल हो गया है। युवक को एंबुलेंस से ले जाकर सरगांव में भर्ती कराया गया है।

### गांजा के साथ पकड़ाई महिला पर 12 हजार का दंड

**दुर्ग।** नंदनी थाना अंतर्गत रेलवे कॉलोनी अहिवारा में 1.107 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ी गई महिला मैरी पति पीए जार्ज को न्याालय ने 7 दिन के कारावास और 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 27 जुलाई को शाम करीब 4 बजे की है। पुलिस ने महिला के घर में छापा मारकर गांजा जब्त किया था। मामले में प्रकरण तैयार कर विचारण के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। मामले में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

### रकम इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर 37.51 लाख की ठगी

**भिलाई।** रकम इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने 6 कंपनियों के संचालको के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि प्लाट 06 सड़क 3 जी प्रगति नगर रिसाली निवासी निरंजन प्रसाद दास ने शिकायत किया है कि 24 फरवरी 2024 से 25 अगस्त 2025 के मध्य विभिन्न कंपनीयो में इन्वेस्टमेंट करने का झांसा देकर प्रलोभन देकर 37 लाख 51 हजार रूपये का ऑनलाईन ठगी किया गया। निरंजन दास के फेसबुक में एक विज्ञापन आया। जिसमे पैसा जमा करने पर बैंक से ज्यादा लाभांश मिलने का झांसा दिया। जिसे देख पीड़ित ने सेवानिवृत्त के बाद मिले पैसो को इन्वेस्ट करना चाहता था। विज्ञापन में दिए अलग अलग कंपनियो के मोबाइल नंबरो में सीटी धन पुने महाराष्ट्र 2 लाख रूपये, शासतीक ग्लोबल एलएलपी चेन्नई 2 लाख, विश्वास वर्ल्ड टेक बैंगलोर में 3 लाख, मारवलस मुनिस इंदौर 7 लाख 51 हजार,वेदिका पाटर्नस इंदौर मे 10 लाख रूपये, नेक्सट इन टेक्नोलाजी इंदौर में 13 लाख रूपये अलग अलग खातों में व यूपीआई के माध्यम से पत्नी उत्तमा दास के बैंक के क्रेडिट कार्ड के खातों से ट्रांसफर किया गया। इसके अलावा पीड़ित पंजाब नेशनल बैंक के क्रेडिट कार्ड, सेविंग खाता, ए. यू स्मॉल फायनेंस बैंक, आईडीएफसी केडिट कार्ड से रकम का ट्रांसफर किया। कुछ माह बाद सभी कम्पनियों ने इन्वेटमेंट का 4 प्रतिशत दिया जा रहा था। इसके बाद 4 से 5 माह से कंपनियों द्वारा कोई राशि नहीं दिया गया।



# शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धि नहीं, बल्कि संस्कार, सहयोग और जिम्मेदारी विकसित करना भी हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्रेरणा विद्यालय में "पूरकता के साथ जीने की" थीम पर वार्षिकोत्सव संपन्न

ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में वार्षिकोत्सव "प्रेरणा – पूरकता के साथ जीने की" थीम पर हर्षोल्लास और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानव, परिवार, समाज और प्रकृति के साथ परस्पर सहयोग की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जबकि हाई एवं हायर सेकेंडरी के छात्रों ने स्वयंसेवक के रूप में मंच संचालन, अतिथि स्वागत, एंकरिंग, प्रदर्शनी एवं विभिन्न गतिविधियों का दायित्व संभाला। सीनियर छात्रों की सहभागिता से आयोजन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि केशव साहू प्राचार्य, सेजस बेरला ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धि नहीं, बल्कि संस्कार, सहयोग और जिम्मेदारी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

प्री-प्राइमरी के बच्चों की नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं प्राइमरी एवं मिडिल सेक्शन के विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम, मारवाड़ी लोकनृत्य और छत्तीसगढ़ी स्वागत गीत प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति की विविधता को मंच पर जीवंत किया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक "प्रेरणा है साथ जीने की" ने सामाजिक सहयोग और पारिवारिक समरसता का प्रभावशाली संदेश दिया।

### मलखंभ, सिल्क एरियल और योग में दिखा आत्मविश्वास

कार्यक्रम में रस्सा मलखंभ, सिल्क एरियल, लकड़ा एवं योग प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहे। नन्हे बच्चों और छात्राओं ने संतुलन, साहस और अनुशासन का परिचय दिया। प्रशिक्षण योग एवं खेल प्रशिक्षक हरिओम हरियाणा के निर्देशन में कराया गया।

## निर्णय : सत्र 2026-27 से लागू होगा नया नियम

# नर्सरी पर लग गया ब्रेक, आरटीई से अब सिर्फ पहली कक्षा में ही मिलेगा दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा के अधिकार आरटीई कानून के तहत निजी स्कूलों में दाखिले की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से आरटीई के अंतर्गत नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 कक्षाओं में प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया है। अब गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को केवल पहली कक्षा में ही आरटीई के जरिए दाखिले का अवसर मिलेगा। इसे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

अब तक आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नर्सरी से लेकर पहली कक्षा तक 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहती थीं। नर्सरी में प्रवेश पाने वाले छात्र आगे की पढ़ाई उसी स्कूल में जारी रखते थे, जिससे उनकी शैक्षणिक निरंतरता बनी रहती थी। लेकिन नए आदेश के बाद यह रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। पहले यदि किसी बच्चे को नर्सरी में मनचाहा स्कूल नहीं मिलता था, तो वह आने वाले वर्षों में पीपी या पहली कक्षा में पुनः आवेदन कर सकता था। नए नियम में यह विकल्प भी समाप्त हो गया है। अब यदि बच्चा पहली कक्षा में चयन से वंचित रह गया, तो उसके लिए निजी स्कूल में आरटीई के तहत प्रवेश के दरवाजे पूरी तरह बंद हो जाएंगे।

### शिक्षा की नींव पर असरः नर्सरी से बाहर हुए गरीब बच्चे, पहली कक्षा से होगी असमान शुरुआत

#### एकरूपता के नाम पर बदलाव

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह फैसला निजी स्कूलों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से लिया गया है। अब तक कुछ निजी स्कूल नर्सरी से आरटीई दाखिले लेते थे, जबकि कुछ स्कूल पहली कक्षा से। नए आदेश के बाद सभी निजी विद्यालयों में आरटीई प्रवेश केवल पहली कक्षा से ही होंगे।



### सीटों को लेकर निजी स्कूलों की बड़ी दिक्कत


निजी स्कूल के अनुसार, नए नियम से सीट संरचना में गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। आरटीई के तहत कुल सीटों का 25 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य है। यदि नर्सरी में पढ़ रहे बच्चों को पहली कक्षा में समायोजित किया गया, तो या तो गैर-आरटीई छात्रों को बाहर करना पड़ेगा या फिर पहली कक्षा में सीटें 25 प्रतिशत बढ़ानी होंगी दोनों ही स्थितियां स्कूल प्रबंधन के लिए व्यावहारिक रूप से कठिन हैं।

### 'पैसे बचाने का फैसला', निजी स्कूलों का आरोप

आदेश जारी होते ही निजी स्कूल विरोध में नजर आ रहे हैं उनका आरोप है कि यह फैसला शासन द्वारा खर्च बचाने की मंशा से लिया गया है। पदाधिकारियों का कहना है कि यदि बच्चा नर्सरी से निजी स्कूल में पढ़ता है, तो शासन को नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 की फीस भी वहन करनी पड़ती है। पहली कक्षा से प्रवेश सीमित कर शासन इस खर्च से बचना चाहता है। निजी स्कूल संचालन का तर्क है कि 3 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के मानसिक, भाषाई और सामाजिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग के बच्चे नर्सरी से निजी स्कूलों में पढ़ाई करेंगे। जबकि गरीब वर्ग के बच्चे सीधे पहली कक्षा में प्रवेश लेंगे
इससे शैक्षणिक असमानता बढ़ेगी, बच्चों पर मानसिक दबाव पड़ेगा और ड्रॉप-आउट की आशंका भी बढ़ सकती है।

# कान फोड़ू डीजे पर कोर्ट का आदेश बेअसर जिले में रसूखदारों के लिए 'नो लॉ-नो लिमिट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ छोटे और मध्यम वर्गीय परिवारों की शादियों में नियमों का हवाला देकर जब्ती और जुर्माना तुरंत

सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट और सख्त आदेश के बावजूद जिले में कान फोड़ू डीजे आज भी धड़ल्ले से बज रहे हैं। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश ज़मीन पर लागू होने के बजाय फाइलों में कैद नजर आ रहीं हैं। हालात यह हैं कि प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं।

डीजे प्रतिबंध को लेकर प्रशासन की कार्रवाई अब कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि वर्ग आधारित चयनात्मक दमन का रूप ले चुकी है। छोटे और मध्यम वर्गीय परिवारों की शादियों में नियमों का हवाला देकर डीजे जब्ती और जुर्माना तुरंत थोप दिया जाता है। लेकिन जब वही उल्लंघन ▶▶| शेष पेज 13 पर

### प्रशासनिक जवाबदेही : 'जानबूझकर अनदेखी या मिलीभगत?'

रात 10 बजे के बाद खुलेआम बजते डीजे, फिर भी न पेट्रोलिंग, न कार्रवाई,शिकायत के बाद भी कई आयोजनों में कोई एफआईआर नहीं। बड़े आयोजनों में अनुमति देने के बाद डेसिबल मॉनिटरिंग शून्य। कार्रवाई का कोई सार्वजनिक रिकॉर्ड नहीं ,पारदर्शिता गायब।

### कानून सख्त, पर अमल नदारद

जहां सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि रिहायशी इलाकों में निर्धारित डेसिबल सीमा का उल्लंघन अपराध है वही रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे व लाउडस्पीकर पूर्ण प्रतिबंध। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 पहली बार उल्लंघन पर रुपए 10,000 तक जुर्माना। पुनरावृत्ति पर डीजे जब्ती व कार्यक्रम बंद करने का प्रावधान है । वही दूसरी ओर राज्य शासन की गाइडलाइन के अनुसार अनुमति अनिवार्य, डेसिबल मीटर से जांच जरूरी। नियम तोड़ने पर अनुमति तत्काल निरस्त की कार्रवाई होगी।

# नियुक्ति विवाद में नया मोड़ सहायक ग्रेड 3 भर्ती की क्लीन चिट रिपोर्ट ही आई जांच के दायरे में

हरिभूम न्यूज ▶▶| देवकर

■ नव नियुक्त कलेक्टर से स्वतंत्र जांच दल गठित करने की शिकायत

जिला पंचायत बेमेतरा में सहायक ग्रेड–03 पद पर की गई नियुक्ति को लेकर जारी जांच प्रतिवेदन अब खुद जांच के दायरे में आ गया है। विज्ञापित नियमों की कथित अनदेखी कर की गई नियुक्ति और फिर जांच के नाम पर अभ्यर्थी को "क्लीन चिट" दिए जाने के आरोपों ने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया है। कोहकाबोड निवासी सेवानिवृत शिक्षक नारद सिंह राजपूत ने नव नियुक्त कलेक्टर बेमेतरा से शिकायत करते हुए इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र जांच दल से पुनः जांच कराने की मांग की है। शिकायत में स्पष्ट कहा गया है कि जिस जांच प्रतिवेदन के आधार पर मामला निपटाया गया, वही प्रतिवेदन नियमों और तथ्यों से परे है।

### क्या है पूरा मामला?

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बेमेतरा द्वारा विज्ञापन क्रमांक 878, दिनांक 11 सितंबर 2012 के तहत डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड–03 के पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए अलग–अलग पद, वेतनमान एवं योग्यता निर्धारित की गई थी। विज्ञापन की कंडिका क्रमांक–04 में चयन प्रक्रिया के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में समान पद पर कार्य अनुभव के आधार पर 05 से 15 अंक तक का लाभ देने का स्पष्ट प्रावधान था। शिकायतकर्ता के अनुसार, गोविंद नामदेव ने सहायक ग्रेड–03 पद के लिए आवेदन किया, लेकिन उन्हें डाटा एंट्री ऑपरेटर के कार्य अनुभव के आधार पर अनुचित रूप से 15 अंक का लाभ दे दिया गया, जो विज्ञापित नियमों का सीधा उल्लंघन है।

**जांच अधिकारियों पर गंभीर सवालः** शिकायत में आरोप है कि तत्कालीन जांच अधिकारी श्री नकुल वर्मा एवं श्री ओम प्रकाश राजपूत ने शिकायत के मूल भाव को नजरअंदाज करते हुए यह तर्क दिया कि डाटा एंट्री ऑपरेटर रहते हुए गोविंद नामदेव ने लिपिकीय कार्य किया है, इसलिए अनुभव मान्य है। जबकि वास्तविकता यह है कि गोविंद नामदेव की संविदा नियुक्ति जनपद पंचायत नवागढ़ में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर हुई थी, न कि सहायक ग्रेड– 03 के पद पर। नियमों के अनुसार, जिस पद पर कार्य किया गया हो, उसी पद का अनुभव प्रमाण पत्र दिया जा सकता है, किसी अन्य पद का नहीं।

**अनुभव प्रमाण पत्र पर भी संदेहः** यदि जनपद पंचायत नवागढ़ के सीईओ द्वारा गोविंद नामदेव को सहायक ग्रेड–03 का अनुभव प्रमाण पत्र जारी किया गया है, तो वह भी नियम विरुद्ध माना जाएगा। इसी बिंदु पर शिकायतकर्ता ने जांच अधिकारियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि जांच प्रतिवेदन तथ्यात्मक कम, बचावात्मक अधिक प्रतीत होता है।

### कलेक्टर से स्वतंत्र जांच की मांग

इन तमाम तथ्यों के आधार पर नारद सिंह राजपूत ने नव नियुक्त कलेक्टर बेमेतरा से आग्रह किया है कि मामले की स्वतंत्र जांच एजेंसी/दल से जांच कराई जाए अनुभव अंक दिए जाने की प्रक्रिया की पुनः समीक्षा हो दोषी अधिकारियों की भूमिका तय की जाए अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वर्षों पुराने इस नियुक्ति विवाद में सच सामने लाने के लिए निष्पक्ष जांच का रास्ता अपनाया जाता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# नियमित शिक्षा व समय पर कोर्स पूरा कर छात्रों का करें सर्वांगीण विकास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर प्रतिष्ठा ने शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति विकास विभाग की ली बैठक

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने दोनों विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा शैक्षणिक गुणवत्ता एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था, छात्र उपस्थिति, अधोसंरचना विकास, पाठ्यपुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन योजना तथा छात्रवृत्ति योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में नियमित शिक्षण, समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्णता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाए। आदिम जाति विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने छात्रावासों की व्यवस्था, छात्र-छात्राओं के आवास, भोजन, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्रावासों में रह रहे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। ▶▶| शेष पेज 13 पर

# अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व देश-समाज के लिए उपयोगी : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




■ विधायक ने बेरला में किया अटल परिसर का लोकार्पण

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नगर पंचायत में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, रजक कार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात विधायक साहू ने श्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि वे भारत की आत्मा, विचार और लोकतांत्रिक मूल्यों के सशक्त प्रतीक थे। उनके नेतृत्व में देश ने सुशासन, विकास और राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई ऊंचाइयों को छुआ। उन्होंने कहा कि अटल परिसर केवल एक भवन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्थल है, जहां अटल जी के विचार, उनकी राष्ट्रभक्ति और लोकतांत्रिक सोच को जीवंत रखा जाएगा। यह परिसर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। विधायक साहू ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश अटल जी के सपनों को साकार कर रहा है। बुनियादी ढांचे का विकास, जनकल्याणकारी योजनाएं और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने की भावना अटल जी की सोच का ही विस्तार है।" उन्होंने नगर पंचायत बेरला के नागरिकों को इस सौगात के लिए बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी और जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किए जाएंगे। विधायक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ▶▶| शेष पेज 13 पर

## बारगांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, तुलसी वर्ष व पूर्णाहुति होगी आज

# सच्चा मित्र वहीं है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे : पंडित खिलेंद्रसच्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन गुरुवार को ग्राम बारगांव में सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथावाचक पंडित खिलेंद्र दुबे (खमतराई वाले) द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए।

सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए पंडित दुबे ने कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है,



मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना, प्रभु सुदामा...सुदामा...कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे।सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया..कन्हैया.. कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

### भगवान के प्रति निश्छल भक्ति की मिलती है सीख

श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा से हमें सच्ची, निस्वार्थ मित्रता, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, गुरु-शिष्य प्रेम और भगवान के प्रति निश्छल भक्ति की सीख मिलती है, जहाँ धन या गरीबी मायने नहीं रखती, बल्कि प्रेम और समर्पण सबसे महत्वपूर्ण है, और भगवान बिना मांगे ही अपने भक्तों को सब कुछ प्रदान कर देते हैं। सुदामा और कृष्ण की दोस्ती यह सिखाती है कि सच्ची मित्रता में अमीरी-गरीबी का भेद नहीं होता। सच्चा मित्र वह है जो मुश्किल समय में साथ दे और सही राह दिखाए। सुदामा भगवान के पास गए, पर अपने लिए कुछ नहीं मांगा, केवल अपने मित्र से मिलना चाहा। यह निस्वार्थ समर्पण और भक्ति का प्रतीक है, जो ईश्वर को सबसे प्रिय है। सुदामा ने गरीबी में भी धैर्य नहीं खोया। यह हमें सिखाता है कि जीवन की कठिनाइयों का सामना धैर्य और विश्वास के साथ करना चाहिए।

